**प्रेस विज्ञप्ति**

**लोक भवन, राँची**

**दिनांक : 06 सितम्बर, 2026 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने झारखण्ड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल महोदय ने आज गिरिडीह स्थित दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार के आवास पहुँचकर उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि सुदिव्य कुमार का असामयिक निधन अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। उनके निधन से राज्य को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल महोदय ने शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि उन्हें इस अपार दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करें।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज लोक भवन में राज्य सभा की सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति के अध्यक्ष डॉ. एम. थम्बीदुरई के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदय एवं समिति के सदस्यों के बीच विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।